20 जुलाई-2020

अभिज्ञानशाकुंतलम    श्लोकसंख्या - 17

"अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मन
स्त्वय्यस्याः कथमप्यबान्धवकृतां स्नेहप्रवृत्तिं च ताम् ।
सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकमियं दारेषु दृश्या त्वया
भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद् वाच्यं वधूबन्धुभिः ॥"

शब्दार्थ-

संयमधनान् = इन्द्रियनिग्रहः एव वित्तं येषां तान् = संयम ही जिनका धन है, उनको। अस्मान् = तपस्विनः = हम तपस्वियों को। आत्मनः = स्वस्य = अपने को। उच्चैः = अतिगौरवास्पदम = ऊँचे। कुलं = वंशं = कुल को। त्वयि = त्वद्विषये = तुम्हारे विषय में। अस्याः = शकुन्तलायाः = शकुन्तला का। कथमपि = केनापि रूपेण = किसी भी रूप या प्रकार से। अबान्धवकृतां = बन्धुजनप्रयत्नं विनैव घटितम् = बन्धुओं द्वारा नहीं की गई। तां = स्वाभाविकीम। स्नेहप्रवृत्तिं = प्रेमसंचारम = प्रेमव्यापार को। साधु = सम्यक् = ठीक। विचिन्त्य = विचार्य = सोच (विचार) करके। त्वया = नृपेण दुष्यन्तेन = राजा दुष्यन्त द्वारा (तुम्हारे द्वारा)। इयं = यह = शकुन्तला। दारेषु = स्त्रीषु = स्त्रियों में। सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकम = तुल्या गौरवं तत्पूर्वकम = सबके बराबर गौरव के साथ। दृश्या = दर्शनीया = देखना। अतः परम = अतोऽग्रे = अतएव इससे आगे। भाग्यायत्तं = दैवाधीनम = भाग्य के अंतर्गत है। तत खलु = निश्चयेन = निश्चय से। वधूबन्धुभिः = कन्यासंबन्धिभिरस्माभिः। न वाच्यं = न कथनीयम = नहीं कहना चाहिए। (कन्या के सम्बन्धियों द्वारा)

हिन्दी अनुवाद - संयम ही धन है ऐसे हम तपस्वी लोगों का, अपने ऊँचे कुल का और तेरी ओर इस (शकुन्तला) के, सम्बन्धियों द्वारा नहीं किया गया, नैसर्गिक प्रेमव्यवहार का सम्यक विचार करके तुम (राजा दुष्यन्त) इसको अपनी स्त्रियों में सबके समान गौरव के साथ देखना। इससे आगे भाग्य के अंतर्गत है; वह हम कन्यापक्ष के संबन्धियों को नहीं कहना चाहिए।

व्याकरणस्य भागः

(क) संयमधनान् ⇒ संयम एव धनं येषां तान्, बहुव्रीहिसमासः।
संयम ही जिनका धन है, ऐसे।

संयम = सम् + यम् + अप (अ)।

(ख) अबान्धवकृतां = न बान्धवैः कृताम्, तत्पुरुषसमासः।

(ग) स्नेहप्रवृत्तिम् = स्नेहस्य प्रवृत्तिम्, तत्पुरुषसमासः।

(घ) सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकम् = सामान्या प्रतिपत्तिः सामान्यप्रतिपत्तिः, कर्मधारय समासः, सा पूर्वा यस्मिन् तत्, बहुव्रीहिसमासः।

(ङ) भाग्यायत्तमतः = भाग्ये आयत्तम्, तत्पुरुषसमासः।
आयत्त = आ + यत् + क्त।

~~(ख)~~

(च) अलंकार - माम् (मुझको) का प्रयोग नहीं कर संयमधनान् अस्मान् (अर्थात् संयमरूपी धन है ऐसे हम तपस्वियों को) का व्यवहार कर विशेष के लिए सामान्य का प्रयोग करने से अप्रस्तुतप्रशंसा है।

अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार पाँच प्रकार का होता है-

(1) अप्रस्तुत विशेष से प्रस्तुत (उपस्थित) सामान्य की अभिव्यक्ति हो। इस श्लोक में इसी की अभिव्यक्ति हुई है।

(2) अप्रस्तुत सामान्य से प्रस्तुत विशेष की अभिव्यक्ति/अभिव्यञ्जना हो।

(3) अप्रस्तुत कार्य से प्रस्तुत कारण की अभिव्यक्ति हो।

(4) अप्रस्तुत कारण से प्रस्तुत कार्य की अभिव्यक्ति हो।

(5) अविद्यमान समान वस्तु से प्रस्तुत समान वस्तु की अभिव्यक्ति हो।